



मैराथन ▶ गुरु तेग बहादुर मानवाधिकार मैराथन में दिखा उत्साह और ऊर्जा का संगम

# 10 से 80 वर्ष तक के सैकड़ों धावक जोश से दौड़े

**नवभारत, जबलपुर।** भोर होते ही प्रेमनगर गुरुद्वारा परिसर ऊर्जा और उत्साह से भर उठा। श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शताब्दी शहीदी दिवस पर आयोजित गुरु तेग बहादुर मानवाधिकार मैराथन रेस में शहर ने एक बार फिर खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रितपाल सिंह और पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू ने हरी झंडी दिखाकर रेस का शानदार आगाज किया। सैकड़ों धावकों की तालियों, जयघोष और कदमों की धुन के बीच रेस प्रेमनगर से शुरू हुई और शंकराचार्य चौक, गोरखपुर, शास्त्री पुल, गुरुद्वारा मढ़ाताल, महाराष्ट्र स्कूल, फ्लाईओवर ब्रिज, गुलाटी पेट्रोल पंप से होती हुई पुन: प्रेमनगर मैदान में संपन्न हुई।

### चला फोटो और सेल्फी का दौर

आयोजकों द्वारा मैराथन कार्यस्थल पर सेल्फी प्वाइंट बनाए



हुए थे, जिसमें लोग मैराथन में शामिल होने के बाद उसकी यादों को संजोय रखने के लिए सेल्फी प्वाइंट पर फोटो और सेल्फी लेते हुए नजर आए।

### अंशिका लोधी और अखिलेश यादव ने जीता स्वर्ण

नगर के उदीयमान खिलाड़ी कुमारी अंशिका लोधी और अखिलेश यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों को 5000 रुपये नगद पुरस्कार और स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान पर कु. नेहा यादव और साहिल साहू रहे जिन्हें 3100 रुपये मिले, जबकि 2100 रुपये के तृतीय पुरस्कार से कु. जुबेजा खातून और सूर्यवली नागपुरे को सम्मानित किया गया। इसके अलावा 10 अन्य खिलाड़ियों को 1100 रुपये, प्रमाण पत्र और स्पोर्ट्स जर्सी सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। मुख्य अतिथि ग्रेनेडियर रेजीमेंट सेंटर के कर्नल मनजिंदर सिंह गुरम ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### आयोजन समिति ने जताया आभार

कार्यक्रम के अंत में सिख सेवक जत्था के अध्यक्ष मनमोहन सिंह, सिख स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह भामरा और मंजीत सिंह ने सभी धावकों, अतिथियों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन फुलबीर सिंह ने किया।

**हर आयु वर्ग के धावकों ने उत्साहपूर्वक रेस की पूरी**

सबसे खास बात यह रही कि 10 वर्षीय बालक अर्जुन सिंह कोहली से लेकर 75 वर्षीय रजिंदर कौर छावड़ा और 79 वर्षीय एस. पी. पाल तक हर आयु वर्ग के धावकों ने उत्साहपूर्वक रेस पूरी की। मैदान पर लौटते हुए उनकी मुस्कान और उमंग इस आयोजन की सफलता बयां करती दिखाई दी।

**इनका कहना है**



रेस का ट्रैक चुनौतीपूर्ण था, लेकिन दर्शकों के उत्साह और गुरुद्वारे की आशीष ने ऊर्जा भर दी। यह जीत मेरे लिए बहुत प्रेरणादायक है। मैं आगे राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने का सपना देख रही हूँ।

**अंशिका लोधी**



शहर में इस तरह के आयोजन युवाओं को नई दिशा देते हैं। शुरुआत से ही मैं जीत के लिए फोकस्ड था। सभी धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह स्वर्ण पदक मेरे लिए गर्व का क्षण है।

**अखिलेश यादव**

# आत्म-साधना के अनेक साधन होते हैं : समय सागर

**पिसनहारी तीर्थ में आयोजित धर्मसभा, विभिन्न नगरों से पधारे श्रावक-श्राविकाएं**



**नवभारत, जबलपुर।** पिसनहारी तीर्थ में आयोजित भव्य धर्मसभा में आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने देश के विभिन्न नगरों से पधारे तथा स्थानीय श्रावक-श्राविकाओं को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि आत्म-साधना के अनेक साधन होते हैं, जिनके माध्यम से चैतन्य के परिणामों में निर्मलता विकसित होती है। साधना का एकमात्र उद्देश्य आत्मकल्याण होना चाहिए। आचार्य श्री ने कहा कि जिन बिम्ब दर्शन, धर्म-श्रवण और जिनभक्ति तीनों का अपना-अपना गूढ़ महत्व है। पंचइन्द्रियों से हम सर्वज्ञ प्रभु के वास्तविक स्वरूप का दर्शन भले न कर सकें, परंतु वीतरागता का चिन्तन-दर्शन अवश्य संभव है। जब हम प्रभु-वंदना, पूजन, अर्चन तथा अभिषेक के निमित्त जिनालय में उपस्थित होते हैं, तो सहज ही मन के परिणामों में शुद्धता और शांति का अनुभव होता है। यही निर्मलता आत्मा को ऊर्ध्वगति प्रदान करती है। धर्मसभा के प्रारंभ में आचार्य श्री के पाद-प्रक्षालन करने का सौभाग्य मुंबई निवासी प्रभात जैन थेवारे, पुणे के अतुल काका, दिल्ली के सुधीर (कागजी) तथा पुणे के आशीष को प्राप्त हुआ। छुल्लक औचित्य सागर महाराज के लौकिक जीवन के अग्रज श्री उत्तमचंद जैन को शास्त्र-भेंट करने का शुभ अवसर मिला। धर्मसभा का सु-संचालन अमित पड़रिया ने किया।

## भक्त वृन्दावन में ले भागवत कथा का लाभ

**नवभारत, जबलपुर।** भगवान श्रीकृष्ण की पवित्र नगरी वृन्दावन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भक्ति की गंगा बह रही है। कथा में व्यास पीठ से शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) जबलपुर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने भागवत महापुराण की अनेक कथाओं वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर व्यास पीठ पूजन लोकायुक्त पुलिस निरीक्षक जितेंद्र यादव और बंगलौर से आए संतोष, दुर्गा दुबे, पुण्येश ऋचा दुबे ने किया। पूजन कार्य आचार्य अमित उपाध्याय एवं वृंदावन के आचार्य आकाश कृष्ण शास्त्री ने संपन्न कराया। मंच



संचालन वरिष्ठ पत्रकार बीड़ी सोनी ने किया। इस दौरान मुंबई से विनय रंजन, कंचन रंजन, दिल्ली से सुनील गुप्ता, छत्तीसगढ़ से उपेंद्र शरण, बिन्नी शरण, तन्मय किशोर, जयपुर राजस्थान से विवेक शर्मा, जबलपुर निवासी तेजराम पटेल, पुष्पा पटेल, बृजेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे। भजनों की प्रस्तुति शिवा विश्वकर्मा ने दी।

### नई टेक्नॉलॉजी के साथ बच्चों को मिल रहे बेहतर शिक्षण संस्थान

**नवभारत, जबलपुर।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह बिलाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ने कहा कि नई टेक्नॉलॉजी के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षण संस्थान मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएमश्री और सांदीपनि जैसे आधुनिक विद्यालयों से ग्रामीण बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिकीकरण तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे भविष्य में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सुशील तिवारी इंदु, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

**एक नजर में**



### जीवन में किसी को स्थान देना है तो महादेव को दें

**नवभारत, जबलपुर।** घड़ी चौक विजय नगर स्थित नर्मदा एक्सीलेंस कॉलेज परिसर में आयोजित श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक पूज्य श्री गिरि बापु जी ने कहा कि जीवन में किसी को स्थान देना है तो महादेव को दें, क्योंकि शिव स्वयं में स्थिर रहते हैं और भ्रमित नहीं होते। उन्होंने हनुमान चालीसा का ओजस्वी गायन भी किया। कार्यक्रम में स्वामी महेंद्रानंद महाराज ने यज्ञ की महिमा बताते हुए कहा कि यज्ञ से पर्यावरण की शुद्धि होती है तथा नर्मदा प्रदूषण मुक्त अभियान में सभी को सहभागी बनना चाहिए। उन्होंने नर्मदा तट पर मिलने वाली गंदगी रोकने हेतु नालियों के उचित प्रबंधन की जरूरत बताई। कथा स्थल पर स्वामी महेंद्रानंद महाराज, सुरेन्द्रानंद महाराज, पं. राममूर्ति मिश्रा, दयानंद गिरि सहित समिति पदाधिकारियों ने गिरि बापु जी का स्वागत किया। मुख्य यजमान पं. देवेन्द्र पचौरी व पं. जितेन्द्र पचौरी रहे। इंदौर, मुंगेली सहित विभिन्न स्थानों से आए भक्तों ने भी माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।



### मत्स्य विविधता बढ़ाने, जलीय पर्यावरण संरक्षण महत्वपूर्ण

**नवभारत, जबलपुर।** विश्व मत्स्यकी दिवस के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय एवं मछुआ कल्याण विभाग द्वारा तिलवारा घाट, नर्मदा नदी पर रिवर रेंचिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड व भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित था। मुख्य अतिथि निदेशक मत्स्य विभाग मनोज कुमार पथरोलिया ने कहा कि रिवर रेंचिंग नर्मदा की मत्स्य विविधता बढ़ाने, जलीय पर्यावरण संरक्षण और मछुआ समुदाय के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ. एस. के. महाजन ने की। विश्वविद्यालय के अधिकारी डॉ. श्रीकांत जोशी, डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ. एस. घोष तथा मत्स्य विभाग के अधिकारी शुभेंदु द्विवेदी, शशिप्रभा धुर्वे, राजा राज तिलक की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नर्मदा नदी में व्यापक पैमाने पर मत्स्य बीज संचय किया गया। 25 से अधिक मत्स्य पालक, उद्यमी और लगभग 55 छात्रों ने भाग लिया। प्राध्यापक डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. सोना दुबे, डॉ. प्रीति मिश्रा, सहित अन्य स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही।

### मोक्ष आश्रय स्थल में बुजुर्ग को दिया गया सहारा

**नवभारत, जबलपुर।** मोक्ष आश्रय स्थल एक बार फिर से निराश्रित बुजुर्गों की मदद की बानगी बना है। रविवार को मेडिकल अस्पताल में भर्ती 65 वर्षीय बुजुर्ग प्रदीप के इलाज के बाद उसे अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया लेकिन उनके रहने का ठिकाना कोई नहीं था। क्योंकि कुछ दिनों पहले मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर व अन्य सहयोगियों ने बीमार हालत में शास्त्री ब्रिज के पास इन बुजुर्ग को सहारा दिया था और मेडिकल अस्पताल लाकर इलाज कराया था। अब वे स्वस्थ हुए तो उन्हें एक बार फिर से मोक्ष संस्था ने मोक्ष आश्रय स्थल में जगह दी जहां वे सुविधाओं के बीच अब रह रहे हैं।

## सम्राट अशोक विजय दिवस पर सामाजिक-शैक्षणिक चेतना सम्मेलन



**नवभारत, जबलपुर।** कुशवाहा जनजागृति विकास समिति जबलपुर एवं सम्राट अशोक क्रांति सेना के संयुक्त तत्वावधान में मानस भवन में सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक चेतना सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली सरकार के केबिनेट मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम, विशिष्ट अतिथि के रूप में लखन घनघोरिया (विधायक एवं पूर्व मंत्री) तथा अध्यक्षता सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पंचशील ध्वज फहराकर, महापुरुषों के छायाचित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं बुद्ध वंदना से हुई। अतिथियों का भव्य स्वागत क्रांति सेना द्वारा सर्किट हाउस से ढोल-नगाड़ों व डीजे के साथ किया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं क्रांति सेना के संस्थापक वृन्दावन वर्मा ने संगठन के उद्देश्य तथा सामाजिक जागरूकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राजेन्द्र पाल गौतम ने सम्राट अशोक के शांति, मानवता और कल्याणकारी शासन की मिसाल को आधार बनाकर आधुनिक भारत में उनके विचारों को लागू करने पर जोर दिया। अध्यक्षीय संबोधन में विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा कि समाज को छुआछूत, रूढ़िवाद व पाखंड छोड़कर समानता, भाईचारा और संविधान की मूल भावना की रक्षा के लिए संगठित होना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. सतेन्द्र यादव, मदन सिंह कुशवाहा, मनोज बाघमारे, विवेक पटेल, प्रभात वर्मा, देवेश चौधरी, योगेन्द्र सिंह कुशवाहा सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन अनंत कुमार कुशवाहा एवं नंदकुमार कुशवाहा ने किया।



## महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** क्रीड़ा भारती महानगर जबलपुर द्वारा रामपुर शासकीय स्कूल ग्राउंड में महिला और पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। शुभारंभ अवसर पर भोपाल से पधारे आधार प्रभारी दीपक, डीपीएस के योगेश शर्मा, शासकीय स्कूल प्रिंसिपल विशाल झारिया, क्रीड़ा भारती के महाकौशल छत्तीसगढ़ संगठन मंत्री कौशलेंद्र पटेल, दिव्यांग प्रमुख श्रीमती प्रीति त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बवंडर क्लब विजेता और शासकीय रामपुर स्कूल विजेता रही। निर्णायक की भूमिका स्पोर्ट्स टीचर चंद्रशेखर स्वामी ने निभाई।

## 4 नई श्रम संहिताएं लागू, कर्मचारियों को जानकारी देने दिए निर्देश

**नवभारत, जबलपुर।** भारत सरकार ने वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्त संहिता 2020 को 21 नवंबर 2025 से लागू कर दिया है। इसके तहत श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने देशभर के विभागों को हितधारकों ट्रेड यूनियन, नियोक्ता संगठन और कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी देने के निर्देश जारी किए। इसी क्रम में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत ने 23 नवंबर को जबलपुर के विभिन्न केंद्रीय श्रम कार्यालयों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। बैठक में श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जागरूकता रणनीति पर चर्चा हुई। सहरावत ने कहा कि नई संहिताएँ श्रम व्यवस्था को आधुनिक बनाकर मजदूरों और उद्योगों दोनों को सशक्त बनाती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्योगों और श्रमिकों तक इनके लाभ सुनिश्चित रूप से पहुँचाए जाएँ। सोमवार को श्रम संहिताओं की विस्तृत जानकारी हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में ट्रेड यूनियन और नियोक्ता संगठनों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसके लिए सभी यूनियन पदाधिकारियों से उपस्थित रहने की अपील की गई है।

## खीस्त राजा महापर्व विश्व शांति, प्रेम और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पण

**प्रार्थना, भक्ति-गीत और जुलूस निकला**

**नवभारत, जबलपुर।** शहर स्थित माह गिरिजाघर में 'राजाओं के राजा' खीस्त राजा महापर्व बड़े ही हर्ष-उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रार्थना, भक्ति-गीत और भव्य जुलूस के साथ मनाए गए इस पर्व में भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। बताया जाता है कि खीस्त राजा महापर्व की शुरुआत वर्ष 1925 में हुई थी, जब प्रथम विश्वयुद्ध के बाद विश्वभर में अशांति और सत्ता-प्रतिस्पर्धा का माहौल था। उस समय पोप पायस दसवें ने समस्त विश्व के ईसाइयों से शांति और प्रभु यीशु मसीह के मार्ग पर चलने का आह्वान किया था। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए आज भी यह पर्व विश्व शांति, प्रेम और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक है। जबलपुर में आयोजित मिस्सा पूजा और विशाल जुलूस का नेतृत्व जबलपुर धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप डॉ. वल्लन अरासु, पल्ली पुरोहित फादर डॉ. डेविस जॉर्ज तथा सह-पल्ली पुरोहित फादर जोनास मरकाम ने किया। पवित्र मिस्सा के उपरांत सभी विश्वासी मोमबत्तियाँ (कैंडिल) लेकर चर्च प्रांगण से भव्य जुलूस में शामिल हुए। यह जुलूस सदर क्षेत्र होते हुए सेंट जोसेफ कॉन्वेंट परिसर में जाकर संपन्न हुआ। भक्तों की भारी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को आस्था और भक्ति से सराबोर कर दिया। विश्वासियों ने प्रार्थना की कि समाज में शांति, सौहार्द एवं प्रेम का संदेश प्रसारित हो और सभी लोग प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करें।






शिविर ▶ वेलनेस सप्ताह के तहत स्वास्थ्य व ध्यान शिविर का समापन

## नियमित श्वास-ध्यान चमत्कारिक लाभ देता है



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय चार्टर्ड लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) जबलपुर शाखा द्वारा आयोजित वेलनेस सप्ताह के अंतर्गत रविवार, 23 नवम्बर 2025 को ब्रह्माकुमारीज़ मेडिटेशन सेंटर, प्रेमनगर में विशेष स्वास्थ्य एवं ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में सदस्यों एवं उनके परिवारों ने भाग लिया। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति जैन ने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के गहरे संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित श्वास-ध्यान चमत्कारिक लाभ देता है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति अपने कार्यस्थल को पसंद का स्थान बना ले तो कार्य-जीवन संतुलन स्वत: स्थापित हो जाता है। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी विनिता दीदी के ध्यान सत्र में प्रतिभागियों ने गहरी शांति का अनुभव किया। ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने सभी से प्रतिदिन सुबह-शाम पाँच मिनट राजयोग ध्यान करने और ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा दी। डॉ. निखिल गिरी एवं डॉ. मीनाक्षी द्वारा सीपीआर जीवनरक्षक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में हाल ही में उत्तीर्ण नए चार्टर्ड लेखाकारों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीए प्रणव अग्रवाल ने किया तथा स्वागत शाखा अध्यक्ष सीए कैलाश अग्रवाल ने किया। आयोजन में सीए चांदनी आहूजा, सीए तरुण पारवानी, सीए कमल वालेचा एवं सीए विकास श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

### जमादी-उल-आखिर का चाँद नज़र आया, आज दूसरी तारीख



**नवभारत, जबलपुर।** मुफ़्ती-ए-आज़म मध्य, प्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी के अनुसार 22 नवंबर, शनिवार मुताबिक 30 जमादी-उल-अव्वल को जमादी-उल-आखिर का चाँद नज़र आ गया है। इसी के साथ आज सोमवार को माह-ए-जमादी-उल-आखिर की दूसरी तारीख है। गौरतलब है कि इसी माह की 5 तारीख (जुमेरात) को पीर-ए-तरीक़त, हज़रत, मौलाना, अल्हाज महमूद अहमद क़ादरी साहब अलैहिर्रहमां के विसाल की तारीख है। मुफ़्ती-ए-आज़म ने तमाम मुरीदों और अकीदतमंदों से गुजारिश की है कि हज़रत के नाम पर इसाले सवाब ज़रूर करें।



## फोटोग्राफी प्रतियोगिता में रविंद्र प्रथम, अमित को मिला दूसरा स्थान

**नवभारत, जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम, भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली 468वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन आर्य समाज भवन में 9वीं सौंदर्य फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में रविंद्र विश्वकर्मा (प्रथम), अमित सोनी (द्वितीय) और अमित राठौर (तृतीय) रहे। साथ ही 11 सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। विजेताओं को स्मृति-चिन्ह के साथ प्रथम पुरस्कार 11,000, द्वितीय 5,000, तृतीय 3,000 तथा सांत्वना पुरस्कार 1,000 रुपए दिए गए। पुरस्कार वितरण हनुमान बाग पीठाधीश्वर पं. बृजेश मिश्रा, स्वामी रामचंद्रदास महाराज, पूर्व कमिश्नर वेद प्रकाश, डॉ. अल्केश चतुर्वेदी सहित अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। जज के.के. अग्रवाल तथा एनसीसी-एनएसएस अधिकारियों का भी सम्मान हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुधीर अग्रवाल ने तथा आभार विनोद दिवान ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।